>

Title: Need to start railway services between Bhiwadi in Rajasthan and Rewari in Haryana.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर में भिवाड़ी राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित इस औद्योगिक कस्बे में एक हजार से अधिक औद्योगिक इकाईयों के अलावा इन्लैंड कंटेनर डिपो हैं तथा इसी क्षेत्र में होन्डा कार निर्माण का बड़ा कारखाना लग रहा है। भिवाड़ी से रिवाड़ी को जोड़े जाने से यह औद्योगिक क्षेत्र अहमदाबाद व दिल्ली के माध्यम से समूचे देश से जुड़ जायेगा। वÂर्ष 2003-04 में इस 25 कि0मी0 लाइन के सर्वे में 100 करोड़ की लागत (890) प्रतिफल का आंकलन किया गया था। गत 4 वर्षों में बहुत कुछ बदला है और नया सर्वे करवाया गया तो लाभकारी प्रतिफल मिलेंगे।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना है कि पुनः सर्वे करवाकर इस रेल लाइन निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें।